Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to celebrate Kalyan Mahotsav, 2024 in the name of Bhagwan Mahavir.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि भारत की संस्कृति, सभ्यता, संस्कारों को सुरक्षित-संवर्धित करने में अनेक महापुरुषों का योगदान रहा है । क्षत्रिय वंशीय तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी किसी समुदाय के नहीं, बल्कि सभी प्राणीमात्र के थे, जिन्होंने संपूर्ण विश्व में अहिंसा, सत्य, जीओ और जीने दो, सद्भावना, समन्वय का संदेश पूरे विश्व को दिया । वर्तमान में विश्व में अनेक क्षेत्रों में हिंसा का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, जिसका जवाब भगवान महावीर जी की अहिंसा से ही दिया जा सकता है । ऐसे महान युगपुरुष तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के निर्वाण जयंती के 2550 वर्ष का शुभारम्भ होने जा रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र के करौली जिले में स्थित अतिशय क्षेत्र श्री भगवान महावीर जी, संपूर्ण भारत के जैन समाज एवं अखिल भारतीय भगवान महावीर निर्वाण उत्सव समिति की यह भावना है । साथ ही 1008 श्री प्रज्ञसागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से उक्त निर्माण उत्सव की योजना बनाई जा रही है ।

मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि विश्व कल्याण के इस मार्ग को देखते हुए आगामी वर्षों में दीपावली वर्ष 2023 से दीपावली वर्ष 2024 के मध्य विश्व कल्याण महोत्सव वर्ष के रूप में भगवान महावीर जी को यह समर्पित किया जाए । धन्यवाद ।